राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मिश्र की उच्च शिक्षा के लिए नई पहल उच्च शिक्षा के लिए किया टास्क फोर्स का गठन राज्यपाल प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करेंगे

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
RK-10-04-2020-1.docx (http://103.203.138.54/news/205831/document/RK-10-04-2020-1.docx)

DESCRIPTION

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मिश्र की उच्च शिक्षा के लिए नई पहल
उच्च शिक्षा के लिए किया टास्क फोर्स का गठन
राज्यपाल प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करेंगे

जयपुर, 10 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राज्य की उच्च शिक्षा के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मिश्र ने कहा है कि कोरोना वैश्विक महामारी के चलते प्रदेश में लॉकडाउन है। ऐसी स्थिति में यह टास्क फोर्स राज्य की उच्च शिक्षा के सामने आने वाली चुनौतियां का परिक्षण कर अपनी सिफारिशें देगी। राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए यह समिति उच्च शिक्षा की परीक्षाओं, परिणामों और आने वाले अकादमिक सत्र के लिए टाइमलाइन्स निर्धारित कर रोड मैप तैयार करेगी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र प्रत्येक सप्ताह इस समिति द्वारा दिये गये सुझावों पर मंथन करेगें। राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा में हमारा राज्य अग्रणी बना रहे इसके लिए यह निर्णय लिया गया है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा में अध्ययनरत युवाओं को किसी प्रकार की कठिनाइ्र नही आने दी जायेगी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने बताया कि यह समिति सप्ताह में दो बार जूम या स्काइप के माध्यम से बैठक करेगी। इस समिति की सलााहों की राज्यपाल श्री मिश्र प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करेगे। यह समिति राज्य की उच्च शिक्षा के लिए एक रोड मैप तैयार करेगी। राज्यपाल ने कहा कि बच्चों की पढाई में किसी प्रकार की बाधा नही आये, उसके लिए आन लाइन एज्यूकेशन पोर्टल भी तैयार कराया जायेगा। यह बच्चों के लिए हेल्पलाइन का भी काम करेगा। शिक्षा के लिए बनाये जाने वाले मॉडयूल्स और वीडियो के लिए भी यह समिति सलाह देगी। स्टेट यूनिवर्सिटी मैनेजमेन्ट सिस्टम का अध्ययन कर वर्तमान परिस्थितियों में इसकी प्रासंगिकता और इसमें आवश्यक अपग्रेडेशन के लिए भी यह समिति सुझाव देगी।

राज्यपाल युवाआें और बच्चों की शिक्षा के प्रति बेहद चिन्तित हैं। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को आनलाइन अध्ययन कराने की व्यवस्था करने के लिए राज्यपाल ने यह निर्णय लिया है। राज्यपाल ने छात्र छात्राओं से कहा है कि आन लाइन अध्ययन करें। अपने समय के एक एक पल का सदुपयोग करें। राज्यपाल द्वारा गठित इस फोर्स के चेयरमैन राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार होंगे। समिति में महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आर के एस धाकरे, राजस्थान

तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आर ए गुप्ता, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आर पी सिंह, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पी सी त्रिवेदी और जोबनेर के एस के एस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जे एस संधू और विशेषाधिकारी प्रथम श्री शिवपाल यादव को सदस्य बनाया गया है। समिति में कालेज शिक्षा के आयुक्त श्री प्रदीप बोरड और पूर्व कुलपति प्रो ए के गहलोत विशिष्ट आमन्त्रित सदस्य होगें। समिति के सदस्य सचिव विशेषाधिकारी द्वितीय श्री अनुज सक्सैना होगे।

- - -